देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 72 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
पांच-पांच गांव

पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 13 जून 2020

PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 41.0° न्यूनतम 26.0°

33780.89 | 2 भारत और चीन के बीच शुरू हुई बैठक | 7 इंडिया का श्रीलंका और जिम्बाब्वे दौरा स्थगित

संक्षिप्त समाचार

उत्तराखंड का जवान कश्मीर में शहीद, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता लालकुआं। नैनीताल जिले के गोरापड़ाव अर्जुनपुर निवासी जवान जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में पेट्रोलिंग के दौरान पैर फिसलने से शहीद हो गया। घटना की खबर मिलने के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार शनिवार सुबह तक जवान का पार्थिव शरीर गोरापड़ाव स्थित उसके घर पहुंचेगा। जवान पर्वतारोही भी था हाल ही में उसने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट फतह की थी। गुरुवार को वह साथियों के साथ कुपवाड़ा में पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी अचानक पैर फिसलने से वह गहरी खाई में गिर गए।

पहली बार एक दिन में 396 मौतें, अब चौथे नंबर पर भारत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। कोरोना ने देश में नया डरावना रेकॉर्ड बना दिया है। शुक्रवार सुबह के आंकड़ों के मुताबिक पहली बार 1 दिन में 396 मौतें हुई हैं। इसके साथ ही 24 घंटे के अंतराल में संक्रमितों की संख्या में 10956 का रेकॉर्ड उछाल भी आया है। देशभर में कोरोना वायरस संक्रमण के अब कुल केस बढ़कर 2 लाख 97 हजार से भी ज्यादा हो गए हैं। भारत इसके साथ ही दुनिया में कोरोना की टेबल में चौथे नंबर पर आ गया है। राहत की बात यह है कि 147195 लोग अबतक कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

यूपी में 32 हजार शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 69,000 शिक्षक भर्ती के मामले में एक बार फिर से सरकार को राहत मिली है। हाई कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को रद्द करते हुए भर्ती से रोक हटा ली है। हाई कोर्ट ने सरकार की तीन विशेष अपीलों पर शुक्रवार को आदेश सुनाते हुए कहा है कि 37000 पदों पर लगी रोक के आलावा शेष बचे पदों पर सरकार भर्ती प्रकिया आगे बढ़ा सकती है।

बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता

सभी स्वरोजगार की योजनाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जोड़ा जाएगा

प्रत्येक जिले में स्वरोजगार प्रेरक तैनात किए जाएंगे: मुख्यमंत्री



संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा जिलाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और सौलर व पिरूल परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में वास्तव में जरूरतमंदों और बेरोजगार को प्राथमिकता दी जाए। सभी विभागों में चल रही स्वरोजगार योजनाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के साथ जोडा जाए। सोलर व पिरूल प्रोजेक्ट की आवश्यक प्रक्रियाएं समय से पूरी हों। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा जिलाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और सोलर व पिरूल परियोजनाओं की समीक्षा की।

किसानो के उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था हो: मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने उत्पादों की बिक्री के लिए निश्चिंत होना चाहिए। उनके उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था पर काम किया जाए। हॉर्टीकल्चर, पॉल्ट्री, मत्स्य, बकरी और भेड़पालन लाभदायक हो सकते हैं। इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोशिश की जाए कि अदरक, हल्दी आदि के बीज मांग के अनुरूप स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हों। किसानों को उन्नतशील खेती का प्रशिक्षण बंद कमरों तक ही सीमित न रहे, यह प्रशिक्षण का लाभ खेतों तक पहुंचे। कृषि विज्ञान केंद्रों का अधिकाधिक उपयोग हो।

विस्तृत खबर पेज 8 पर...

होप पोर्टल पर स्वरोजगार योजनाओं को अपलोड करे

मुख्यमंत्री ने कहा कि होप पोर्टल पर स्वरोजगार की सभी योजनाओं की सूचना अपलोड की जाए। एक प्लेटफार्म पर आने से लोगों को इन योजनाओं की जानकारी मिल पाएगी और इसका लाभ उठा सकेंगे। जन प्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए।

प्रत्येक जिले में दो-दो स्वरोजगार प्रेरक

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है हर बेरोजगार साथी अपना रोजगार प्रारम्भ कर सके। लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए प्रत्येक जिले में एक महिला और एक पुरूष स्वरोजगार प्रेरक तैनात किए जाएंगे।

लाभकारी प्रोजेक्ट पर संबंधित विभाग गाइडलाइन तैयार करें: सीएम

आवेदकों को प्रोजेक्ट बनाने के लिए सारी जानकारी दें। इसमें ऑफलाईन आवेदन की भी व्यवस्था हो। विभिन्न व्यवसायों के प्रोजेक्ट किस प्रकार लाभकारी हो सकते हैं, इसके लिये संबंधित विभाग गाइडलाइन तैयार करें। जिला रोजगार समितियां आवेदकों की काउंसिलिंग भी करें। डीएम हर जिले में कुछ मॉडल प्रोजेक्ट स्थापित करें।

बैंकों से समन्वय स्थापित किया जाए और ऋण प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का निस्तारण तुरंत किया जाए।

नेपाल की फायरिंग भारतीय की मौत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■सीतामढ़ी के एसपी बोले- नेपाल एरिया में हुई घटना

सीतामढ़ी। भारत-नेपाल में सीमा को लेकर चल रहे विवाद के बीच बिहार के सीतामढ़ी से बड़ी खबर सामने आ रही है।

जानकारी के मुताबिक, जानकीनगर बॉर्डर पर नेपाल शस्त्र बल की ओर से फायरिंग की गई है, जिसमें खेत पर काम कर रहे एक भारतीय शख्स की मौत हो गई, वहीं दो अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, फायरिंग का ये मामला भारत-नेपाल सीमा विवाद से जुड़ा हुआ नहीं है। सीतामढ़ी जिले के एसपी ने बताया कि ग्रामीणों और नेपाल सशस्त्र पुलिस के बीच में शुक्रवार को झड़प हो गई। जिसमें नेपाल पुलिस की तरफ से फायरिंग की गई है। नेपाल एरिया में ये घटना हुई है।

सीतामढ़ी के एसपी अनिल कुमार ने नवभारत टाइम्स से फोन पर हुई खास बातचीत में बताया कि फायरिंग की ये घटना नेपाल एरिया में हुई है। इसमें एक भारतीय की मौत हुई है और दो अन्य घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, फायरिंग का पूरा मामला नारायणपुर और लालबन्दी बॉर्डर इलाके का है। पिपरा परसाइन पंचायत के जानकी नगर बॉर्डर पर कुछ लोग खेत में काम रहे थे। इसी दौरान उनकी नेपाल सशस्त्र पुलिस के जवानों से झड़प हो गई।

दो महीने पहले कराये जा सकते थे राज्यसभा चुनाव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जयपुर। 2020 राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा, "राज्यसभा चुनाव दो महीने पहले आयोजित किए जा सकते थे, लेकिन इसे बिना किसी कारण के स्थगित कर दिया गया, क्योंकि बीजेपी की हॉर्स ट्रेडिंग पूरी नहीं हुई थी।"

गहलोत ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और दूसरे कांग्रेस नेताओं के साथ जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने कहा, श्इस वक्त हमें यह तय करना है कि कौन दर्द बांट रहा है और कौन दवा। गहलोत ने मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार गिरने का जिक्र करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया वायरस से जूझ रही थी, तो बीजेपी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को गिराने में व्यस्त थी। सीएम गहलोत ने कहा, राज्यसभा चुनाव दो महीने पहले कराया जा सकता था, लेकिन उन्होंने गुजरात और राजस्थान में खरीद और बिक्री को पूरा नहीं किया था, इसलिए उन्होंने इसमें देरी की।

जंग में आप सैनिकों को नाखुश नहीं रख सकते

डॉक्टरों की सैलरी पर सुप्रीम कोर्ट की बेहद अहम टिप्पणी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

डेड बॉडी के साथ ये किस तरह का व्यवहार

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार जिस तरह से मरीजनों का अस्पतालों में इलाज कर रही है और जिस तरह से डेड बॉडी के साथ व्यवहार हो रहा है उस पर फटकार लगाते हुए कहा है कि दिल्ली में जो स्थिति है वह भयानक व डरावनी है। अदालत ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा कि अस्पतालों में हर जगह बॉडी फैली हुई है और लोगों का वहां इलाज चल रहा है।

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग लड़ रहे चिकित्सकों को वेतन का भुगतान नहीं करने और उनके रहने की समुचित व्यवस्था नही होने पर कड़ा रूख अपनाते हुये सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा, 'युद्ध के दौरान आप सैनिकों को नाराज मत कीजिये। थोड़ा आगे बढ़कर उनकी शिकायतों के समाधान के लिये कुछ अतिरिक्त धन का बंदोबस्त कीजिये।'

न्यायालय ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के वेतन का भुगतान नहीं होने जैसे मामलों में अदालतों को शामिल नहीं करना चाहिए और सरकार को ही इसे हल करना चाहिए। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिये डाकटरों की समस्याओं को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि इस तरह की खबरें आ रही हैं कि कई क्षेत्रों में चिकित्सकों को वेतन नहीं दिया जा रहा है।

केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर कुछ बेहतर सुझाव मिलेंगे तो उन्हें शामिल किया जायेगा। पीठ ने कहा कि आपको और अधिक करना होगा। आप सुनिश्चित कीजिये कि उनकी चिंताओं का समाधान हो। न्यायालय ने इस मामले को अगले सप्ताह के लिये सूचीबद्ध कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु को भी नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

अर्थव्यवस्था के और नीचे जाने का जोखिम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता व्यय दोनों पर गहरा असर

नई दिल्ली। देश में लंबे समय से जारी लॉकडाउन के चलते चालू वित्त वर्ष में जहां भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी आने की आशंका है वहीं लॉकडाउन में ढील के बाद कोविड-19 के मरीजों की बढ़ती संख्या से देश का आर्थिक परिदृश्य और गिरावट के जोखिम को दिखा रहा है। आईएचएस मार्किट ने शुक्रवार को कहा, '' इस लंबे लॉकडाउन का असर देश के औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता व्यय दोनों पर गहरा है। वर्ष 2020 की दूसरी तिमाही अप्रैल-जून में जीडीपी वृद्धि दर में तीव्र गिरावट का अनुमान है जिससे वित्त वर्ष 2020-21 में देश की आर्थिक वृद्धि दर गहरी मंदी का शिकार हो सकती है।'' कंपनी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर कोविड-19 के प्रभाव को लेकर अपने आकलन में यह बात कही।

भारत में 25 मार्च से लॉकडाउन जारी है जो 30 जून तक रहेगा। हालांकि चार मई के बाद से लॉकडाउन के नियमों में सर्शत ढील दी गयी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in